कार्यालय नगर निगम देहरादून

दूरभाष–0135–2655620, 265352, 2658204 फैक्स–0135–2651061
वेबसाइट–www.nagarnigamdehradun.com
ई–मेलः nagar_nigam2008@yahoo.com,nagarnigam.ddn@gmail.com
टोल फ्री नं0 - 1800-180-4153, कन्ट्रोल रूम - 1800–180–4206

पत्रांक संख्या 980/Project cell/2018-19 दिनांक 05/10/018

कार्यालय नगर निगम, देहरादून
दूरभाष–0135–2655620, 265352, 2658204, फैक्स–0135–2651061
वेबसाइट–www.nagarnigamdehradun.com ई–मेलः nagarnigam.ddn@gmail.com

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) उपघटक व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) में अनुदान प्राप्त करने हेतु विज्ञप्ति

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) उपघटक व्यक्तिगत आवास निर्माण (बी0एल0सी0 – एन0सी0) अन्तर्गत पूर्व में स्वीकृत योजना के ड्रापआउट लाभार्थियों के स्थान पर नये लाभार्थियों को परिवर्तित किया जाना है। लाभार्थी दिनांक 17 जून 2015 अथवा उससे पूर्व नगर निगम में निवासरत होना चाहिए, ऐसे शहरी गरीब परिवार जिनका सम्पूर्ण भारत में अपना तथा परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पक्का आवास न हो, पारिवारिक आय 3 लाख से कम हो तथा अपने मालिकान हक की रिक्त भूमि उपलब्ध है, वह योजना से 2 लाख का अनुदान तथा स्वंय के अशंदान से 30 वर्ग मी0 तक का पक्का आवास निर्माण कर सकते हैं। ऐसे इच्छुक परिवार दिनांक 20 अक्टूबर, 2018 तक भूमि सम्बन्धी अभिलेख, 17 जून 2015 से पूर्व नगर निगम क्षेत्र के निवासी होने सम्बन्धी प्रपत्र, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की प्रति, राशन कार्ड, स्वघोषित आय प्रमाण पत्र, 10 रूपये के स्टाम्प पर सम्पूर्ण भारत में पक्का आवास न होने का शपथ पत्र व भू–खंड/कच्चा आवास की फोटो इत्यादि सहित आवेदन पत्र उक्त तिथि तक नगर निगम कार्यालय को उपलब्ध किये जा सकते हैं। ऐसे परिवार भी अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जो नगर क्षेत्र में निवासरत हैं तथा आवासीय भू–खण्ड नियोजित क्षेत्र में है। प्रकिया पूर्णतः निःशुल्क है, अधिक जानकारी हेतु योजना नगर निगम कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहारादून।

प्रतिलिपि :

1. जिलाधिकारी / प्रशासक, देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, सूडा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. संपादक, दैनिक समाचार पत्र दै0 जागरण / हि0 HBK ....को अनुमन्य दरों पर उत्तराखंड सिटी एडिशन में विज्ञप्ति प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।
4. श्री मनीष पंत, आई0टी0 आफिसर को बेवसाइट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5/10/18

नगर आयुक्त
नगर निगम,देहरादून।

Scanned by CamScanner